# निबन्ध लेखन प्रतियोगिता

विषय — यातायात जागरूकता
अनुक्रमांक — 26
नाम — कक्षा —

यातायात दो शब्दों से मिलकर बना है — यात + आयात इसका शाब्दिक अर्थ है आना - जाना से है।

## प्रस्तावना :-

मानव जीवन मे यातायात के अनेक प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था को सरकार द्वारा लागू किया गया है तथा मानव को इन सभी प्रकार के सुरक्षा व्यवस्था का पालन करना चाहिए अगर वह ऐसा नही करते है तो उनको कानून द्वारा सजा व चलान भी कटना चाहिए ~~इसव~~ ड्राइविंग करते समय हमे सदैव हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था का पालन न करने हेतु भारत मे प्रति वर्ष 1,40,000 से भी अधिक व्यक्ति की मौत सड़क ~~दुस्ध~~ दुर्घटना मे हो जाती है सम्पूर्ण विश्व मे से केवल एक प्रतिशत ही भारत मे वाहन उपलब्ध है जिसके कारण भारत 10% लोगो की सड़क - दुर्घटना से शरीरिक व मानसिक समस्यो का सामना करना पड़ता है।

## यातायात के नियम :-

यातायात के नियमानुसार इसको दो भागो मे विभक्त

Scanned By Scanner Go

किया गया है।
(1) वाहन चलाते समय निम्न बात का ध्यान दे
(2) वाहन चलाने के नियम

## वाहन चलाते समय निम्न बात का ध्यान दे :—

वाहन चलाते समय हमे मोबाइल, हेडफोन, एयरफोन आदि चीजो का उपयोग नही करना चाहिए इन सब चीजो से व्यक्तियो का ध्यान मार्ग से विचलित हो जाता है जिससे सड़क - दुर्घटना होने की सम्भवना होती है। वाहन चलाते समय पीछे पलट कर नही देखना चाहिए। सड़क या रास्ते मे होने वाले समाजिक, राजनितिक परचारो पर ध्यान नही देना चाहिए तथा यह बात अधिक ध्यान देने वाली बात है कि वाहक को कभी भी नशे वाली चीजो को खा या पी कर वाहन तो बिल्कुल नही चलना चाहिए। यह सड़क - दुर्घटना का अति प्रचालित कारण है। वाहक को वाहन अतिअधिक तीव्र नही चलाना चाहिए

## वाहन चलाने के नियम :—

पैदल, साइकिल या ~~रिक्सा~~ रिक्शा चलाने वाले व्यक्ति को सदैव अपनी बाये तरफ चलना चाहिए तथा रोड क्रोस करते समय व्यक्ति को यह ध्यान रहे की वाहन चलाने वाला व्यक्ति उसे देख रहा है। रोड क्रोस करते से जेब्रा क्रोसिंग का भी ध्यान दे।

Scanned By Scanner Go

Date ___/___/______ Page No.: ______

चौराहे पर लगी सिग्नल लाइट लगने का भी मतलब हर व्यक्ति को पता रहना चाहिए। सिग्नल लाइट मे तीन प्रकार की लाइटे लगी रही है।

(i) लाल
(ii) पीला
(iii) हरा

**लाल लाइट :-**

लाल लाइट का मतलब होते है कि आगे दुर्घटना होने की सम्भवना होती है या तो आगे बहुत जाम लगा हुआ है इसीलिए लाल लाइट के जलने से व्यक्ति को वाहन के साथ जहाँ है वही स्थिर हो जाना चाहिए।

**पीला लाइट :-**

पीला ~~लाल~~ लाइट का मतलब है वाहन को चालू रखना है हरा लाइट जलने के बाद आप को आगे की ओर बढ़ना है।

**हरा लाइट :-**

हरा लाइट या सिग्नल का मतलब होता है कि हमे अब जाने की अनुमति है आगे सड़क सुरक्षित है कोई भी दुर्घटना होने की समभवना नही है।

कुछ व्यक्तियो की आदत होती है कि वे अपने वाहन को दूसरे व्यक्तियो के वाहन से आगे ले जाने की कोशिश करते है जिस के कारण वे वाहन को अति-आधिक तीव्र चलाते है। चौराहे को पार करते

Scanned By Scanner Go

"Faith is the bird that feels the light when the dawn is still dark." —Rabindranath Tagor

समय आपने दोनो ओर देखकर बाये तरफ से चलना चाहिए। जबतक कि आगे एक रास्ता साफ न हो जाए।

**निष्कर्ष :—** सभी व्यक्तिओ को सरकार द्वारा बनाये कानून सुरक्षा व्यवस्था का पालन करना चाहिए। जिससे हमारे देश की म होना वाली दुर्घटनाओं कसे बचा जा सकता है।

Scanned By Scanner Go